बिहार सरकार

<u>खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग</u>

पत्रांक-प्र07-विविध-21/2015- 7153 /खाद्य, पटना/दिनांक- 7.09.2015

प्रेषक,

प्रकाश कुमार,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

<u>सभी प्रमंडलीय आयुक्त</u>
सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय :- जन वितरण प्रणाली दुकानों की रद्द अनुज्ञप्तियों के विरूद्ध दायर अपील एवं पुनरीक्षण वादों के निष्पादन के संबंध में ।

प्रसंग :- विभागीय पत्र संख्या- 6634 दिनांक- 20.08.2015

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा जन वितरण प्रणाली दुकानों की रद्द अनुज्ञप्ति के विरूद्ध दायर अपील एवं पुनरीक्षण की सामेकित रूप से समीक्षा कर ससमय उन्हें निष्पादित करते हुए फलाफल से विभाग को अवगत कराने का अनुरोध किया गया था । विषयांकित मामले में प्रमंडल एवं जिला स्तर पर अबतक की गई कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को अप्राप्त है ।

अतः अनुरोध है कि विषयांकित मामले के परिपेक्ष्य में प्रासंगिक पत्र द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में अबतक की गई कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति के 15 दिनों के अंदर निश्चित रूप से विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय ।

विश्वासभाजन,

7/09/15

सरकार के संयुक्त सचिव ।